# मुख्य समारोह में किया झंडावंदन

## उप मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी ली, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया, रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े

नवभारत न्यूज

**सागर 27 जनवरी. गणतंत्र दिवस पर सागर संभागीय मुख्यालय के पुलिस प्रशिक्षण ग्राउंड में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति एवं गरिमामयी ढंग से मनाया गया. मुख्य समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने झंडावंदन किया और परेड की सलामी ली.**

उन्होंने गगन में रंग-बिरंगे गुब्बारे मुक्त किए. पुलिस बल की टुकड़ियों ने हर्ष फायर किया एवं राष्ट्रगान की धुन के साथ तिरंगे झंडे को सलामी देने के लिए आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया. परेड प्रस्तुति में राष्ट्रगान की धुन पर तीन बार हर्ष फायर किया गया.



प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने समारोह में लोकतंत्र सेनानियों, मीसाबंदी और बुंदेली अखाड़े का प्रशिक्षण देने वाले सागर नगर के प्रबुद्ध नागरिक भगवानदास रैकवार, जिन्हें पद्मश्री सम्मान से भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा, को भी सम्मानित किया. पुलिस बल और सशस्त बलों द्वारा आकर्षक परेड की प्रस्तुति दी गई. परेड समारोह में परेड का नेतृत्व 77वीं आर.आर. बटालियन प्लाटून कमांडर दीपांशु गुप्ता ने किया. परेड कमांडर का नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक प्रतिमा जैन ने किया. परेड में जीएनपीए की टुकड़ी का नेतृत्व उप निरीक्षक सुदर्शन सिंह, पुलिस प्रशिक्षण शाला मकरोनिया की टुकड़ी का नेतृत्व उप निरीक्षक प्रणेन्द्र तिवारी (पुरुष) की टुकड़ी का नेतृत्व उप निरीक्षक जयसिंह लोधी, (महिला) की टुकड़ी का नेतृत्व उप निरीक्षक प्रतिमा जैन, होमगार्ड की टुकड़ी का नेतृत्व पी.सी. अनिमेष राजपूत, एनसीसी गर्ल्स की टुकड़ी का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर कु. रक्षा लोधी, एनसीसी बालिका की टुकड़ी का नेतृत्व अंडर ऑफिसर सतीष अहिरवार, शौर्य दल सागर की टुकड़ी का नेतृत्व रीना लोधी ने किया.

इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया. स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई. ासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाती आकर्षक झांकियां भी निकाली गई, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. इस अवसर पर सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, पूर्व विधायक नारायण प्रसाद कबीरपंथी, जिपं सदस्य सरबजीत सिंह, कमिश्नर अनिल सुचारी, आईजी हिमानी खन्ना, उप महानिरीक्षक सचेंद्र सिंह चौहान, कलेक्टर संदीप जी.आर, एसपी विकास शाहवाल, जिपं सीईओ विवेक के वी, निगमायुक्त राजकुमार खत्री, एडीएम अविनाश रावत आदि मौजूद थे.

## निजी आवास में संचालित गतिविधियों की जांच हो

**सागर.** नरयावाली विधायक प्रदीप लारिया ने नगर पालिका परिषद मकरोनिया के अंतर्गत दीनदयाल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक निजी आवास में संचालित हो रही अनाधिकृत धार्मिक गतिविधियों और उससे उत्पन्न जन-परेशानी पर कड़ा रुख अपनाया है. स्थानीय नागरिकों की शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए, विधायक ने कलेक्टर और सीएमओ मकरोनिया को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप और वैधानिक कार्यवाही की मांग की है. विधायक श्री लारिया को नागरिकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कॉलोनी स्थित एक निजी मकान में कथित रूप से सार्वजनिक धार्मिक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं. रहवासियों का आरोप है कि इस कारण आवासीय क्षेत्र में बाहरी व्यक्तियों का अत्यधिक जमावड़ा होने लगा है, जिससे शांति और सुरक्षा का वातावरण प्रभावित हो रहा है.

# मवेशियों की मौत पर गौसेवकों ने लगाया जाम

## बांदरी थाना क्षेत्र में चार गाय सहित एक बकरी की अचानक मौत, आश्वासन पर जाम समाप्त

नवभारत न्यूज

**सागर 27 जनवरी. बांदरी में अचानक हुई चार गायों व एक बकरी की संदिग्ध परिस्थितियों मे हुई मौत को लेकर हड़कंप मच गया. मौतों को लेकर गुस्साए गौसेवकों ने पुराने नेशनल हाइवे के बंडा तिराहे पर प्रदर्शन व चक्काजाम कर दिया. लगभग दो घंटे तक चले चक्काजाम से सागर और झांसी की ओर जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गई.**

मिली जानकारी के अनुसार मवेशियों की अचानक मौत का कारण अभी तक साफ नहीं हो पाया है पर प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि गायों का साजिश कर मौत के घाट उतारा गया है. इससे प्रदर्शनकारी आरोपियों को तत्काल पकड़ने व उन पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग कर रहे थे. इस घटना की सूचना मिलते ही तत्काल बांदरी टीआई सुमेर सिंह जगेत और सीएमओ संजय समुद्रे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन लोग कार्रवाई की जिद पर अड़े रहे.



अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि मामले की जांच की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद अधिकारियों की समझाइश पर आखिरकार जाम खोला गया. टीआई सुमेर सिंह जगेत बताया कि मृत गायों का पोस्टमॉर्टम कराया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी. सीएमओ संजय समुद्रे ने बताया कि आवारा घूमने वाले जानवरों को गौशालाओं में भिजवाया जाएगा ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई कराई जाएगी. उन्होंने बताया कि आवारा घूमने वाले जानवरों को गौशालाओं में भिजवाया जाएगा ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके.

## एक नजर में



### महिला आश्रम समिति द्वारा सम्मान समारोह

**सागर.** दिगम्बर जैन महिलाश्रम विद्यालय में गणतंत्र दिवस का आयोजन संपन्न हुआ. झंडावन सुभाष चौधरी एवं मुन्ना लाल ने किया. सुनीता जैन एवं पुत्री रंजना जैन का महिलाश्रम समिति द्वारा सम्मान किया. लायंस क्लब सागर डायमंड द्वारा बालिकाओं को पानी की बाटल वितरित की. अरुण सिंघई द्वारा समाधिस्थ मुनिश्री क्षमा सागर महाराज की स्मृति में बालिकाओं को पुरूस्कृत किया गया. संचालन श्वेता जैन, आभार राकेश जैन ने माना.



### संगोष्ठी व काव्य पाठ का आयोजन

**सागर.** गणतंत्र दिवस पर मातृ छाया क्लिनिक एवं नर्सिंग होम में ध्वजारोहण किया गया एवं संगोष्ठी भी आयोजित की गई. इस अवसर पर नपाध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, प्रखर तिवारी उपस्थित रहे. विशिष्ट अतिथि पतंजलि योग समिति के भगत सिंह, मनोज तिवारी, अर्जुन पटेल, डॉ. संजय जैन, डॉ. एलएस शाक्य ने विचार रखे. कार्यक्रम में ममता भूरिया ने कविता प्रस्तुत की. इस दौरान पार्षद महेंद्र ठाकुर, राजा रिछारिया, एस.ठाकुर, मोनिका प्रजापति, डॉ. उत्तम लोधी, डॉ. नीरज चौरसिया, मौजूद रहे.



### आचार्य श्री के समाधि दिवस पर छत्तीसी विधान

**गौरझामर.** पार्श्वनाथ बड़ा जैन मंदिर में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के द्वितीय समाधि दिवस पर सभी जिनालयों में आचार्य छत्तीसी विधान हुआ और गुरु मंदिर में विराजित आचार्य श्रीजी के चरण पादुका की. संगीतमय विधान किया. विधानाचार्य पंडित राजेन्द्र ने बताया कि गुरु जी भले ही हमारे बीच नहीं है परंतु उनका आशीर्वाद भक्तों को हमेशा ही धर्म पाथ पर आगे बढ़ायेगा. संचालक दीपक चौधरी शास्त्री ने बताया कि रोशन घुरा, विजय घुरा, प्रतीक खामखेड़ा आदि ने विनयांजलि प्रस्तुत की.



### सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए खुरई सीएमओ सम्मानित

**सागर.** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा नगर पालिका परिषद खुरई को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया. यह सम्मान नगर पालिका परिषद खुरई सीएमओ सीएमओ राजेश मेहतेले ने प्राप्त किया. यह सम्मान नागरिक सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक दक्षता तथा सतत विकास के क्षेत्र में किए गए सराहनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया. सीएमओ श्री मेहतेले को प्राप्त यह सम्मान न केवल संस्था के लिए बल्कि समस्त नगरवासियों के लिए गर्व का विषय है, जो खुरई को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में देखा जा रहा है.

### भूमि अधिग्रहण व प्रगति की समीक्षा आज

**सागर.** बंडा वृहद सिंचाई परियोजना, हनोता वृहद सिंचाई परियोजना, जेरा मध्यम सिंचाई परियोजना एवं जूड़ी मध्यम सिंचाई परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण एवं कार्य प्रगति की समीक्षा को लेकर राजस्व विभाग एवं जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन 28 जनवरी को किया जाएगा. बैठक रेल्वे विभाग की बैठक के उपरांत 12 बजे आयोजित होगी.

# शिकायत पर पटवारी निलंबित

नवभारत न्यूज

**सागर 27 जनवरी. कलेक्टर संदीप जी.आर ने शाहगढ़ क्षेत्र के भ्रमण के दौरान लापरवाह बरतने पर एक पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, वहीं प्रभारी तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है.**


शाहगढ़ निवासी आवेदक संदीप जैन की कृषि भूमि (खसरा नंबर 146/1/2) पर अवैध कब्जे से जुड़ा है. आवेदक के पक्ष में सीमांकन और कब्जा दिलाने का आदेश पारित किया गया था, जिसकी पुष्टि अपील के निर्णय में भी हुई थी, इसके बावजूद मैदानी अमले द्वारा आवेदक को भूमि पर कब्जा नहीं दिलाया गया. कलेक्टर ने पटवारी मौन सिंह गौड़ को म.प्र. सिविल सेवा नियमों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय केसली निर्धारित किया गया है. पटवारी पर आरोप है कि उन्होंने आदेश के बावजूद आवेदक को भूमि का कब्जा दिलाने में रुचि नहीं ली. लापरवाही बरतने पर प्रभारी तहसीलदार शाहगढ़ ज्ञानचंद राय को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

# आचार्य श्री के समाधि दिवस पर विनयांजलि सभा

नवभारत न्यूज

**सागर 27 जनवरी. आचार्य श्री की आंखों में करुणा और चेहरे पर आध्यात्मिक ऊर्जा का तेज अनुभव होता था जिससे सभी मोहित हो जाते थे, उनका संपूर्ण जीवन अहिंसा की जीवित प्रयोगशाला था.**

यह उद्‌गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के द्वितीय समाधि दिवस पर नमकमंडी प्रांगण में आयोजित विनयांजलि कार्यक्रम में संबोधन में व्यक्त किए. विनयांजलि कार्यक्रम में पहुंच कर श्री सिंह ने आचार्य श्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कीं उन्होंने मंच पर विराजमान मुनिश्री निष्कंप सागर, मुनिश्री निष्काम सागर एवं मुनि संघ एवं आर्यिका संघ को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया. उन्होंने समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज से जुड़ी महत्वपूर्ण स्मृतियों को साझा किया.



पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आचार्य श्री से अनेक बार आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला, उनसे की विषयों पर प्रेरणा और दिशा मिलती थी. उनके पास बैठने से ही एक दिव्य आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव होता था.

## पूर्व छात्रा सम्मेलन आज

**सागर.** एक्सीलेंस गर्ल्स कालेज में एल्युमनी एसोसियेशन द्वारा 28 जनवरी को पूर्व छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर सुनहरी यादों का संगम मेला लगाया जा रहा है, जिसमें भारतीय पारंपरिक परिधान एवं तीज-त्यौहार की झलक के साथ-साथ लोक नृत्य एवं सोलो डांस की प्रस्तुति की जावेगी. यह मेला 11:30 बजे से 4:30 बजे तक चलेगा. प्राचार्य डॉ.आनंद तिवारी एवं एल्युमनी एसोसियेशन की अध्यक्ष डॉ. पद्मा आचार्य ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर पूर्व छात्रा सम्मेलन को सफल बनाएं.

# शहीदों के बलिदान को याद रखा जाना चाहिए

नवभारत न्यूज

**बंडा 27 जनवरी. उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्राम क्वायला पहुंचकर शहीद सैनिक राजेश यादव की प्रतिमा का अनावरण किया गया.**

प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारे जवान आज भी सीमाओं पर तैनात रहकर देश की सुरक्षा कर रहे हैं और शहीद राजेश यादव जैसे वीर सैनिक देशभक्ति का प्रतीक हैं. जिन माता-पिता ने कलेजे का टुकड़ा देश को समर्पित किया, उनके दर्द का अंदाजा लगाया जा सकता है. शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाना चाहिए.



बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह बंडा विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है कि ग्राम क्वायला में जन्मे वीर सपूत राजेश यादव ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया. इस अवसर पर शहीद के पिता काशीराम यादव ने कहा कि बेटे के शहीद होने से उनके ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने शहीद परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि आर्थिक सहायता एवं नौकरी के विषय में वे मुख्यमंत्री से चर्चा कर आवश्यक सहयोग दिलाएंगे.

## समीक्षा बैठक आज

**सागर.** बीना-कटनी-सिंगरौली तीसरी रेल लाइन तथा खजुराहो-पन्ना खंड में निर्माणाधीन नई ब्रॉडगेज रेल लाइन परियोजनाओं के अंतर्गत भू-अर्जन से संबंधित समस्याओं पर चर्चा एवं अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा हेतु जूम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाना है. बैठक 28 जनवरी को प्रात: 12 बजे आयोजित की जाएगी.

**सागर मौसम**

अधिकतम 28.9 (+3)

न्यूनतम 15.0 (+3)

आर्द्रता : सुबह/शाम : 66/45

# पद्मश्री को सम्मानित किया



नवभारत न्यूज

**सागर 27 जनवरी. बुंदेलखंड में मार्शल आर्ट विद्या के उस्ताद भगवानदास रैकवार को पद्मश्री से सम्मानित किए जाने पर विधायक शैलेंद्र जैन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया.**

इस अवसर पर उस्ताद के प्रेरणादायक संस्मरण सुने गए तथा मार्शल आर्ट विद्या के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. विधायक श्री जैन ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार पद्म पुरस्कारों के लिए वास्तविक पात्रों का चयन कर रही है.

## शैक्षणिक भ्रमण

**सागर.** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के पुरातत्व संग्रहालय में रोटरी क्लब की थाइलैण्ड टीम द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया. टीम के सदस्यों ने संग्रहालय में प्रदर्शित विविध प्रकार की प्रतिमाओं का गहनता से विभागाध्यक्ष प्रो. नागेश दुबे एवं डॉ. प्रवीण कुमार ने भ्रमण कराया. इस दौरान भारत एवं थाइलैंड के बीच सांस्कृतिक क्रिया-कलापों पर भी चर्चा की गयी. थाइलैंड की टीम के साथ रोटरी क्लब के रोटेरियन डॉ आजाद जैन एवं रोटेरियन संजय अग्रवाल एवं डॉ सुरेन्द्र कुमार यादव, डॉ धनंजय विक्रम सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार के. डॉ शिवकुमार पारीचे डॉ मशकूर अहमद कादरी के विभाग के शोधार्थीगण उपस्थित रहे.



# प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज


**सागर 27 जनवरी. आईएमए ने मृतकों के सम्मान और गरिमा की रक्षा को लेकर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को ज्ञापन सौंपा.**

प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर आईएमए का कैलेंडर भेंट किया तथा राजस्थान में लागू राजस्थान मृत शरीर सम्मान अधिनियम-2023 की तर्ज पर मप्र में भी इसी प्रकार का कानून लागू करने की मांग रखी.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मृतकों का सम्मान किसी भी सभ्य समाज की पहचान है और ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कानून की आवश्यकता पर सहमति जताई और विधानसभा में शीघ्र विधेयक प्रस्तुत करने के प्रयास का आश्वासन दिया. साथ ही अस्पतालों, क्लीनिकों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना तथा संचालन प्रक्रिया को सरल बनाने के प्रस्ताव का भी समर्थन किया और जल्द प्रशासनिक बदलाव के लिए निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया. ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में आईएमए सागर अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद, सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी, डॉ. संतोष पटेल सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक शामिल रहे.

## जनचौपाल आज

**सागर.** नगर निगम सागर द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल शिविर का आयोजन 28 जनवरी बुधवार को प्रात: 11 बजे से राजीव नगर वार्ड स्थित महाकवि पद्माकर सभागार स्वास्थ्य विभाग जोन कार्यालय के पास आयोजित किया जाएगा. शिविर में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को मौके पर ही सुनकर निराकरण करने की व्यवस्था की गई है. पेयजल, सफाई, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पेंशन योजना, राजस्व एवं अन्य ननि से संबंधित विषयों पर नागरिक सीधे अपनी बात रख सकेंगे.



# युवक की मौत पर सड़क पर जाम लगाया

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 27 जनवरी. न्यू कार की अंधी रफ्तार और शराब के सर चढ़कर बोल रहे नशे ने एक युवक की जान ले ली. देर रात हुये सड़क हादसे में जहां एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो युवक जो कि जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं.**

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कार की अंधी रफ्तार इतनी भयावह थी कि बाइक में टक्कर लगते ही कार के सभी एयरबैग खुल गये. घटना को अंजाम देकर कार चालक जो कि राज्यमंत्री के छोटा पुत्र बताया जा रहा है के साथ सवार चार अन्य लोग भी मौके से भाग निकले. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, तो वहीं दो गंभीर रूप से घायल युवाओं को झांसी मेडीकल कॉलेज भेजा गया है. दरअसल, थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरखेरा में रहने वाला शिवेन्द्र यादव पल्सर मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.ए. 0048 से गांव के अन्नू यादव व शंकर सिंह के साथ कीर्तन में शामिल होने गये थे शिवेन्द्र यादव अपने गांव के अन्नू व शंकर के साथ सड़क किनारे पल्सर बाइक पर बैठ रहे थे. इसी बीच जाखलौन की ओर से अंधी रफ्तार से भागती हुयी आ रही फॉर्च्युनर कार के चालक ने सड़क किनारे खड़े शिवेन्द्र, अन्नू व शंकर में जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का बोनट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया1 इतना ही नहीं बाइक के भी परखच्चे उड़ गये. मौके पर शिवेन्द्र यादव, अन्नू व शंकर गंभीर रूप से घायल हो गये. भीषण टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया था.